दिन–रविवार दिनांक– 02 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सातो चरण सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब विभिन्न एजेंसियों और समाचार चैनलों द्वारा दिए गए एग्जिट पोल के आंकड़ों पर चर्चा शुरू हो गई है। अधिकांश सर्वेक्षणों के पूर्वानुमान में एनडीए को साढ़े तीन सौ से अधिक सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वहीं, इंडी गठबंधन को एक सौ पचास से एक सौ सत्तर सीटें मिलने का अनुमान बताया गया है। इंडिया टुडे माई एक्सिस, न्यूज ट्वेंटी फोर–टुडे चाणक्य, एबीपी सी वोटर और इंडिया टीवी– सीएनएक्स के सर्वे में एनडीए को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ तथा अन्य दलों को सत्ताईस से पैंतालीस सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे–एक्सिस माई इंडिया के अनुसार भाजपा और उसके सहयोगी दलों को तीन सौ इकसठ से चार सौ एक सीटें मिल सकती हैं, जबकि इंडी गठबंधन को एक सौ इकतीस से एक सौ छियासठ सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य दलों को आठ से बीस सीटें मिलने की संभावना है।

———————————————————————

राज्य में लोकसभा की चालीस सीटों के लिये जारी सर्वेक्षण के ज्यादातर आंकड़ों में एनडीए को तीस से बत्तीस सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वहीं, इंडी गठबंधन को सात से नौ सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। रिपब्लिक इंडिया की ओर से जारी सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में एनडीए को सैंतीस सीटें मिल सकती हैं जबकि राजद–कांग्रेस–इंडी गठबंधन को तीन सीटें मिलने की सम्भावना है। आज तक–इंडिया टुडे के सर्वेक्षण में बिहार में भाजपा को तेरह से पन्द्रह, जदयू को नौ से ग्यारह, लोजपा– रामविलास को पांच और राजद को आठ सीटें मिलने की बात कही गयी है।

———————————————————————————

एग्जिट पोल के नतीजों पर सभी राजनीतिक दलों ने अलग–अलग प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अनुमान के आंकड़े ही बता रहे हैं कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि नतीजों में साफ दिखेगा की जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर दिया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बनेगी। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नतीजों में एनडीए को अपार जनसमर्थन मिलेगा। गौरतलब है कि सात चरणों के चुनाव के बाद मुख्यमंत्री श्री कुमार निजी दौरे पर दिल्ली पहुंचे है। इस दौरान श्री कुमार के बीजेपी के शीर्ष नेताओं से भी मिलने की संभावना है।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इंडी गठबंधन को विजय मिलेगी और दो सौ पंचानवे से अधिक सीटों पर उसके प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। श्री यादव ने चुनाव बाद सर्वेक्षणों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि ये अनुमान बिना किसी आधार के रखे जाते हैं।

———————————————————————————

चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर विभिन्न जिलों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वज्रगृह की सुरक्षा चाक चौबंद कर दी गई है और आस–पास की गतिविधियों पर गहन निगरानी रखी जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मतगणना से जुड़े स्थलों का निरीक्षण कर रहे है। बेगूसराय के बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केन्द्र में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, गोपालगंज के जिला निर्वाचन

पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मकसूद आलम और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आज थावे डायट भवन स्थित मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

———————————————————————

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किए जाने के मामलें में पुलिस ने एक आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी भरत सोनी ने बताया कि इस मामलें में आठ अन्य नामजद और चालीस अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद कल पटना लौटते समय मसौढ़ी के करीब तिनेरी गांव के पास भाजपा प्रत्याशी श्री यादव की गाड़ी पर हमला किया गया था।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ हैं। इधर, राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में अनेक स्थानों पर बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, किशनगंज, सुपौल, मधुबनी सहित कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

———————————————————————

समाप्त